

## एक नजर में

### मेरा युवा भारत बजट क्वेस्ट 3 से 17 तक

**उज्जैन। भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित माई भारत (मेरा युवा भारत) प्लेटफॉर्म द्वारा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत बजट क्वेस्ट 2026 का आयोजन किया जा रहा है।**

इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 से जोड़ना, उनकी आर्थिक एवं नीतिगत समझ को सशक्त बनाना तथा विकसित भारत @2047 के विज़न में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम चरण में एक ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। क्विज़ में सफल प्रतिभागियों को द्वितीय चरण में चयनित 8 विषयों पर निबंध लेखन का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह विषय बजट, युवा सशक्तिकरण, रोजगार, शिक्षा, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत एवं राष्ट्रीय विकास से संबंधित होंगे। निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद में शामिल होने का विशेष अवसर प्राप्त होगा, जहां युवा अपने विचार सीधे देश के सर्वोच्च नेतृत्व के समक्ष साझा कर सकेंगे। मेरा युवा भारत बजट क्वेस्ट का आयोजन 3 फरवरी 2026 से 17 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। देशभर के युवा मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर इस अभियान में भाग ले सकते हैं। यह पहल युवाओं में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच एवं राष्ट्रीय नीतियों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जानकारी के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय एवं मेरा युवा भारत से संपर्क कर सकते है।

### हाईवे पर पेड़ से जा टकराई कार, युवक की मौत

**खरगोन, निप्र।** शहर सीमा से लगे चित्तौडगढ़-भुसावल हाईवे पर भोंगानाला के समीप बीती रात एक तेज रफ्तार कार सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार राधे उर्फ हर्ष पिता मनोज बावीसकर को गंभीर घायल अवस्था में मंगलवार रात करीब 10 बजे जिला अस्पताल लाया गया था। यहां उपचार के दौरान उसने रात करीब 11.30 बजे दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### 2 पिकअप से 4 गौवंश कराए मुक्त

**खरगोन, निप्र।** भगवानपुरा थानाक्षेत्र की सिरवेल पुलिस चौकी क्षेत्र में हो रहे गौवंश के अवैध परिवहन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। 2 पिकअप जब्त कर 4 गौवंश मुक्त कराए गए है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसारपिकअप वाहन क्रमांक एमपी 09जीई 8202 एवं एमपी 10जी 1611 को मोरहाडी फल्या झुले के पास घेराबंदी कर रोका गया। वाहन चालकों ने अपने नाम सुनिल पिता महेन्द्रसिंग तोमर निवासी खड़क्याघाट एवं दूसरे ने अपना नाम मोहन निवासी कदवाली का होना बताया। तलाशी लेने पर दोनो वाहनो में दो-दो गौवंश पाए गए। परिवहन संबंधित दस्तावेज नही होने से पिकअप जब्त कर प्रकरण दर्ज किए गए है।

### पंचायत कार्यो में अनियमितता के आरोप, उठी उच्च स्तरीय जांच की मांग

**खरगोन, निप्र।** जिले के झिरन्या जनपद की ग्राम पंचायत खोई में शासकीय कार्यों में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद निकाली गई रिकवरी मामले ने एक बार फिर तुल पकड़ा है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि पूर्व में बिना मूल्यांकन के राशि का आहरण किया गया और वर्तमान में भी 3 सीसी रोड़ निर्माण कार्य के बिना मूल्यांकन आहरित कर ली गई है। ग्राम के दिनेश नायक, राजेश, कमल, भेरुलाल, चिमन, कालूसिंह आदि ने जनसुनवाई में शिकायती आवेदन सौंपते हुए भ्रष्टाचार में पाए गए कार्यों की रिकवरी में कम राशि की जांच एवं वर्तमान के कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता नायक ने बताया कि पूर्व में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, उपयंत्री, सहायक यंत्री के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत के बाद अगस्त- सितंबर माह 2025 में जांच की गई थी। जिसमें शिकायत सही पाई गईऔर जांच प्रतिवेदन में 43 लाख 29 हजार 758 रुपए की रिकवरी के आदेश जारी किए गए थे। नायक ने आरोप लगाया कि इस मामले में अब तक संबंधितों ने महज 35 से 40 प्रतिशत राशि ही रिकवरी की है, जो शासन के राजस्व को नुकसान पहुंचाने के साथ ही आदेश की अवहेलना भी है। शिकायतकर्ताओं ने शिकायत में निर्माण कार्यों की नामजद शिकायत करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### एमपी ट्रांसको निमरानी के सहायक अभियंता प्रदीप पाटीदार ई-गवर्नेंस मेडल अवार्ड से सम्मानित

**खरगोन, निप्र।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 220 के.व्ही. सबस्टेशन निमरानी में पदस्थ सहायक अभियंता श्री प्रदीप पाटीदार को ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गत दिवस जबलपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि सहायक अभियंता श्री प्रदीप पाटीदार ने एमपी ट्रांसको में लागू की जा रही ट्रांसमिशन एसेट मैनेजमेंट प्रणाली (टेम्स) के क्रियान्वयन के दौरान उत्पन्न हो रही तकनीकी एवं व्यवहारिक कठिनाइयों के समाधान में विशेष रुचि एवं पहल की। उन्होंने मुख्यालय जबलपुर स्थित आई.टी. सेल के समन्वय से कंपनी के विभिन्न वृत्तों एवं संभागों के कार्मिकों को स्थानीय स्तर पर ही प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे इस महत्वपूर्ण परियोजना को अंतिम रूप देने में एमपी ट्रांसको को प्रभावी सहायता प्राप्त हुई। इस अवसर पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी एवं ट्रांसमिशन क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री नीलकंठ गजानन टिकेकर ने उन्हें एमपी ट्रांसको राज्यस्तरीय ई-गवर्नेंस मेडल, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि एमपी ट्रांसको ने कंपनी में डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ई-गवर्नेंस श्रेणी के अंतर्गत यह पुरस्कार प्रारम्भ किया है।

### किसान सम्मेलन स्थगित, तैयारियों पर फिरा पानी

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 7 फरवरी को खंडवा में आयोजित होने वाला किसान सम्मेलन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शजीतू पटवारी के शामिल होने का कार्यक्रम था, लेकिन दिल्ली में आयोजित एक बैठक के कारण उनका खंडवा दौरा रद्द हो गया। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से कार्यकर्ताओं द्वारा जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आयोजन के लिए प्रशासनिक अनुमति, विशाल टेंट, मंच, ध्वनि व्यवस्था और वाहनों की बुकिंग पूरी कर ली गई थी। सम्मेलन में लगभग 50 हजार किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जुटने का लक्ष्य रखा गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई थीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद जीतू पटवारी का यह पहला खंडवा दौरा तय हुआ था, जिसे लेकर जिलेभर के किसानों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह था। सम्मेलन में किसानों की समस्याओं, न्यूनतम समर्थन मूल्य, खाद-बीज, बिजली-पानी और कर्ज से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की तैयारी थी। अचानक कार्यक्रम स्थगित होने से कार्यकर्ताओं में निराशा है।

### स्टार्टअप इंडिया' कार्यशाला 7 फरवरी को

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत स्टार्टअप इंडिया कार्यशाला का आयोजन खंडवा के किशोर कुमार सभागृह में 7 फरवरी को आयोजित होगा। अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एग्रो एमएसएमई के संबंध में आयोजित यह कार्यशाला प्रात: 9:30 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यशाला में पुणे के विशेषज्ञ डॉक्टर भूषण और डॉक्टर तृप्ति सिंह प्याज उत्पादन की नई तकनीकों के बारे में विस्तार से बताएंगे। इसके अलावा अरनव मिश्रा मध्यप्रदेश की उद्योग संवर्धन नीति तथा स्टार्टअप नीति के बारे में संबोधित करेंगे।

# हमारे कारण माता-पिता की आंखों में आंसू आए तो हमारा जन्म लेना बेकार : संतश्री

**असाड़ी गली में घर को कैसे स्वर्ग बनाएं-विषय पर प्रवचन**

**सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें हुई नम**

**हजारों लोगों ने माता-पिता की सेवा करने का लिया संकल्प**

**महिदपुर। राष्ट्रसंत महोपाध्याय ललितप्रभ सागर महाराज ने कहा कि जहां हम आधा-एक घंटा जाते हैं, उसे तो मंदिर मानते हैं पर जहां 23 घंटे रहते हैं उस घर को मंदिर क्यों नहीं बनाते हैं। उन्होंने कहा कि घर का वातावरण ठीक नहीं होगा तो मंदिर में भी मन में शांति नहीं रहेगी पर हमने घर का वातावरण अच्छा बना लिया तो हमारा घर-परिवार ही मंदिर-तीर्थ बन जाएगा।**

संत ने कहा कि घर का हर सदस्य संकल्प ले कि वह कभी किसी का दिल नहीं दुखाएगा। हम किसी के आंसू पौंछ सकते हैं तो अच्छी बात है, पर हमारी वजह से किसी की आंखों में आंसू नहीं आने चाहिए। अगर हमारे कारण माता-पिता की आंखों में आंसू आ जाए तो हमारा जन्म लेना ही बेकार हो गया। उन्होंने कहा कि हमसे धर्म-कर्म हो तो अच्छी बात है, पर ऐसा कोई काम न करें कि जिससे घर नरक बन जाए।

उन्होंने कहा कि परिवार को अंग्रेजी में कहते हैं फैमिली का मतलब है फादर एण्ड मदर आई लव यू। जिस घर में माता-पिता से प्रेम और उनका सम्मान होता है, उसी का नाम परिवार है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में सात वार होते हैं, पर दुनिया में एक आठवां वार और होता है, जिसका नाम है परिवार। यदि यह आठवां वार ठीक है तो सातों वार सुखदायी है। परिवार का गणित हमें समझाता है कि 5, 6, 7, 8, 9 भले ही कितने भी बड़े क्यों न हों, पर यदि वे आपस में झगड़ते रहेंगे तो उनकी कीमत कम ही होनी है और यदि मेल-जोल बनाकर रखेंगे तो 1 और 0 कम औकात के होने के बावजूद अपनी 10 गुना कीमत बना लेंगे। राष्ट्रसंत बुधवार को खरतरगच्छ श्रीसंघ द्वारा असाड़ी गली में जीवन को स्वर्ग बनाने की कला पर आयोजित दो दिवसीय विराट प्रवचन माला के समापन पर हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

राष्ट्रसंत ने कहा कि जो अपने घर-परिवार में प्रेम नहीं घोल पाया वह भला समाज में क्या प्रेम रस घोल पाएगा जो अपने सगे भाई को सहारा बनकर ऊपर उठा न पाया, वह समाज को क्या ऊपर उठा पाएगा। मकान, घर और परिवार की नई व्याख्या देते हुए संत ने कहा कि ईंट, चूने, पत्थर से मकान का निर्माण होता है, घर का नहीं। जहां केवल बीबी-बच्चे रहते हैं वह मकान घर है पर जहां माता-पिता और भाई-बहिन भी प्रेम और आदरभाव के साथ रहते हैं। वही घर परिवार कहलाता है। उन्होंने कहा कि मंच पर खड़े होकर भाषण और प्रवचन देना सरल है, पर घर में प्रेम से रहना मुश्किल है। व्यक्ति 84 लाख जीवयोनियों से क्षमा बाद में मांगे, पहले घरवालों से क्षमा मांगने का बड़प्पन दिखाए। केवल उम्र से व्यक्ति बड़ा नहीं होता, जो वक्त आने पर झुक जाता है, पर परिवार को कभी टूटने नहीं देता वही घर में सबसे बड़ा कहलाता है। उन्होंने कहा कि अगर आप घर में आपस में नहीं बोलते हैं तो मंदिर के दर्शन, संतों की सेवा और सामायिक का धर्म करने से पहले टूटे रिश्तों को सांधें और गले मिलें अन्यथा सारा धर्म-कर्म निष्फल हो जाएगा।

इससे पूर्व डॉ. मुनि शांतिप्रिय सागर महाराज ने कहा कि दुनिया में स्वस्थ होकर आना हमारी प्रकृति है, बीमार होना हमारी विकृति है, पर खुद को सदा स्वस्थ रखना यही हमारी भारतीय संस्कृति है। अगर हम सदा स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं तो हमें ध्यान और योग का नियमित अभ्यास करना चाहिए। ध्यान और योग से शरीर स्वस्थ रहता है। मन शांत रहता है, जीवन ऊर्जावान होता है और भीतर की संभावनाएं जागृत होती हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को योग क्रिया और मंत्र मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर अध्यक्ष सरदारमल चौपड़ा, श्रीपाल चौपड़ा, नरेंद्र नाहर, आशीष चौपड़ा, अजय चौपड़ा, रजनीश चौपड़ा, अशोक चौपड़ा, सुभाष चपडीबंद, रजनीश चौपड़ा, बाबूलाल आंचलिया, अंकुर भटेवरा, कपिल राखेचा, गिरधारीलाल उथरा, जैनेंद्र खेमसरा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में समस्त जैन समाज के साथ समस्त राजस्थानी समाज, मारवाड़ी समाज और 36 काम के सभी श्रद्धालु भाई-बहनों ने भाग लिया। संत द्वय ने विभिन्न समाचार पत्रों में विस्तृत कवरेज के लिए सभी संवाददाताओं सहित जवाहर डोसी पीयूष की उत्कृष्ट पत्रकारिता और सार्थक पत्र लेखन के लिए सम्मानित होने पर हार्दिक प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। दोनों दिन की प्रभावना, आतिथ्य दाखाबाई सुंदरलाल नाहर परिवार का रहा।

राष्ट्र संतों ने मंगल पाठ देकर महिदपुर से प्रस्थान किया। वे गुरुवार की शाम को उन्हेल के नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ पहुंचेंगे। जहां उनका शुक्रवार तक प्रवास रहेगा। वे चौमहला होते हुए रविवार को सीतामऊ पहुंचेंगे जहां उनके विशेष सत्संग और प्रवचन आयोजित होंगे।





## उपाध्याय ने खेलो एम पी प्रतियोगिता में बॉक्सिंग में कांस्य पदक जीता

**खाचरौद।** यूथ गेम्स खेलो एमपी के अंतर्गत बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अनुष्का उपाध्याय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर नगर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। अनुष्का श्री राज राजेन्द्र जयंत सेन विद्या पीठ की छात्रा हैं वे अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता रजनीश उपाध्याय की पुत्री हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित हुई जिसमें प्रदेशभर से अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच अनुष्का ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की। इस गौरवपूर्ण सफलता पर बार एसोसिएशन द्वारा अनुष्का उपाध्याय का पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रवीण पंड्या, अधिवक्तागण चंद्रकला सुराणा, अनिल कुमार शर्मा, विजय सेठी, संतोष बरखेड़ावाला, कैलाश खामोरिया ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुष्का की यह उपलब्धि नगर की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। संचालन अभिभाषक सिराज मिर्जा ने किया।

## गुस्सा, रोना, व्यंग, हास्य व छलकपट के भावों से सकुबाई ने दर्शकों को बांधा

**उज्जैन। भारत सरकार संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित अभिनव रंगमंडल के 40वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में दूसरे दिन एकजुट मुंबई द्वारा जयंत देशमुख के निर्देशन में सकुबाई नाटक की प्रस्तुति दी गई।**



नाटक हाशिए पर जीवन यापन करने वाले समाज की स्त्रियों के जीवन का कोलाज है। यह नाटक इस वर्ग की लड़कियों पर कम उम्र से हो रहे रोटी कमाने के दबाव और बाध्यता को दर्शाता है। साथ ही उन परिस्थितियों में भी जीवन को उत्साह से जीने की चाहत और जीवटता को उजागर करता है। उसके मन में गहरी चिंता भी थी, कि यदि समाज को इस बारे में पता चला तो लड़की से शादी कौन करेगा।

नादिरा जाहीर बब्बर की इस कहानी को निर्देशित करने का काम किया फिल्म टीवी और रंगमंच के बेहतरीन कला निर्देशक जयंत देशमुख ने, प्रभावी मंच सज्जा के साथ नाटक के वातावरण को संजीव बनाया। सकुबाई बाई की भूमिका में आशी मालवीय ने दर्शकों को भाव विभोर किया। सकुबाई बेटी और सेल्स गर्ल्स की भूमिका में जज़ा सिद्दीकी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज़ की।

आलोकन अंकित दास का था। मंच निर्माण विशाल मेहता, सचिन वर्मा रूबल शर्मा, आनंद सिंह और बहादुर मालवीय ने किया। प्रस्तुति एक रंग मुंबई की थी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार निरुक्त भार्गव को 5000 रुपए की राशि का रश्मि मिश्रा की स्मृति में स्थापित सांस्कृतिक पत्रकारिता सम्मान दिया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि आलोट विधायक प्रो. चिंतामणि मालवीय और मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी थे।

वरिष्ठ रंगकर्मी शरद शर्मा ने बताया कि 5 फरवरी को डॉ. एम सईद खान के निर्देशन में ग़ालिब इन न्यू डेल्ही का मंचन होगा। नाटक सकुबाई मुंबई में घरों में काम करने वाली बाई की कहानी है सकू की मां उसे शिक्षा नहीं दे पाई लेकिन सकू के मन में अपनी बेटी को समर्थ बनाने की लालसा बनी रहती है और वह इसी दिशा में काम करती है। आशी मालवीय ने अपने दमदार अभिनय के जरिए दर्शकों को अपनी तरफ बांधे रखा सेल्स गर्ल और सकुबाई की बेटी की भूमिका में जज़ा सिद्दीकी ने अपनी उपस्थिति दर्ज़ की।

## देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया



**उज्जैन। कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी संकुल हॉल में रिटायर्ड पुलिस सिंगर क्लब द्वारा मेरी शान है तिरंगा देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में रिटायर्ड पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी परिवार सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मराज मीणा डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट 32 बटालियन, सुभाषचंद्र दुबे (रिटायर्ड डीएसपी) एवं प्रमोद भदौरिया पुलिस पेंशनर संघ अध्यक्ष उपस्थित थे। रवि चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि रिटायर्ड पुलिसकर्मी अपना पूरा जीवन पुलिस ड्यूटी और सेवा में समर्पित कर देते हैं, जिससे उनकी कला और भावनाएं मंच तक नहीं पहुंच पातीं।

इसी उद्देश्य से रिटायर्ड पुलिस सिंगरों को मंच प्रदान करने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 20 से अधिक कलाकारों ने सहभागिता की और अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में सदाबहार देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। पुलिस परिवार के कलाकारों के साथ 32 बटालियन के गायक कलाकार, होमगार्ड के गायक कलाकारों के-साथ महाकाल संगीत अकादमी के बच्चों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष सहयोग श्रद्धा चौबे, सुरेखा दुबे द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में सुभाष चंद्र दुबे, रवि चौबे, गायक पूनम शर्मा, पूनम सोलकी, राजेश राव एवं मुकेश परमार सहित अनेक कलाकार उपस्थित रहे।

## रविदास जयंती पखवाड़ा अंतर्गत किया प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान

**उज्जैन। भाजपा अजा मोर्चा द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही संस्था की प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान भी किया गया।**



मोर्चा महामंत्री अनिल सिंदल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुलाल जाटवा थे।

पूर्व महापौर मीना जोनवाल ने भी संबोधित किया डॉ. जाटवा ने अपने संबोधन में कहा कि संत श्री ने समाज को जो उपदेश दिए हैं उन्हें यदि हम ग्रहण करें तो समाज सेवा कर अपना जीवन भी सार्थक बना सकते हैं। पूर्व महापौर मिना जोन वाल ने बालिकाओं को गुड टच, अबेड टच के बारे में जानकारी देकर बालिकाओं को सजग रहने के लिए कहा।

इस अवसर पर पखवाड़ा कार्यक्रम संभागीय प्रभारी ओमप्रकाश मोहने, महामंत्री अनिल सिंदल, आदर्श मकवाना, हंसराज बैंडवाल छात्रावास अधीक्षिका आभा रीमझा मैडम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा अध्यक्ष मनोज मालवीय ने किया एवं आभार ओमप्रकाश मोहने ने माना।

**एक नजर में** — **शिविर में कुल 56 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई**

# संपूर्णता अभियान 2 .0 अंतर्गत सिरवेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र। नीति आयोग द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार आकांक्षी विकासखंड भगवानपुरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरवेल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।**






इस शिविर में टीबी, एनीमिया एवं मातृ स्वास्थ्य से संबंधित जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन एवं परामर्श, प्रारंभिक लक्षणों के आधार पर आयरन एवं पोषण परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में कुल 56 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें 39 एएनसी (गर्भवती) महिलाएं, 13 बाल रोग (पीडियाट्रिक) मरीज, 4 मरीज मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप फॉलो-अप के शामिल रहे।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील वर्मा ने बताया कि 'संपूर्णता अभियान 2.0' के अंतर्गत आयोजित ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, टीबी व एनीमिया जैसी बीमारियों की समय पर पहचान करना तथा लोगों को निवारक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है।

नियमित जांच एवं परामर्श से गंभीर बीमारियों को प्रारंभिक अवस्था में ही रोका जा सकता है। यह शिविर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण, रोगों की प्रारंभिक पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में संपूर्णता अभियान 2.0 के लक्ष्यों के अनुरूप एक महत्वपूर्ण पहल रही। स्वास्थ्य शिविर के दौरान विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, सीएचओ एवं फार्मासिस्ट की सक्रिय उपस्थिति रही।